| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज |
|---|---|
| | **न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर**<br>**अपील संख्या– 78/2019 अंतर्गत धारा–75 एल.आर.एक्ट**<br>**(GCMS No. 2019/00211)**<br>**अनवानः** मेजर सिंह पुत्र स्व. श्री बंतासिंह जाति जटसिख निवासी मानुके तहसील निहालसिंहवाला हाल चक 35 पीएस तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर।<br>बनाम<br>बलविन्दर सिंह पुत्र जरनैल सिंह जाति जटसिख निवासी 35 पीएस तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर वगैरह। |
| 08.04.2022 | आज यह पत्रावली अपीलांट श्री मेजर सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अपीलांट की ओर से अभिभाषक श्री इफ्तेकार मोहम्मद सिसोदिया जरिये वकालतनामा उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि पक्षकारान ने लोक अदालत की भावना से आपस में राजीनामा कर लिया है। अतः अपील आगे नहीं चलाना चाहते हैं एवं अपील अपीलांट विड्रा करना चाहता है।<br><br>हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील तहसीलदार (भू.अ.) रायसिंहनगर द्वारा पारित आदेश दिनांक 03.04.2018 जिसके द्वारा वसीयत के आधार पर नामान्तरकरण दर्ज करने के आदेश दिए गये, के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रा करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। आदेश की प्रति तहसीलदार (भू.अ.) रायसिंहनगर को प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br><br>संभागीय आयुक्त<br>बीकानेर |